न्यायमूर्ति अभय सप्रे ने सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की

▶ सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने पर दिया जोर, हेलमेट-सीट बेल्ट उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए

धार। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं जनहानि रोकने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, अपर कलेक्टर संजीव केशव पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने जिले में सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, पिछले पांच वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं तथा जिले में चिन्हित 18 ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी प्रस्तुत की। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूरी गंभीरता, ईमानदारी और बारीकी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में ब्लैक स्पॉट्स पर किए गए सुधार कार्य, हेलमेट एवं सीट बेल्ट उपयोग, चालानी कार्रवाई, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि कई चिन्हित स्थलों पर सुधार कार्यों के बाद दुर्घटनाओं एवं जनहानि में उल्लेखनीय कमी आई है तथा कुछ स्थानों पर दुर्घटनाएं शून्य तक लाने में सफलता मिली है।

न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चालानी कार्रवाई बढ़ने के बावजूद नागरिकों में सुरक्षा नियमों के पालन की आदत अपेक्षित स्तर तक विकसित नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है। हेलमेट और सीट बेल्ट केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा के सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने यातायात सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

सड़क सुरक्षा सबकी साझा जिम्मेदारी-न्यायमूर्ति सप्रे

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शासन या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की साझी जिम्मेदारी है। सड़क पर किसी घायल व्यक्ति की मदद करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यदि हम एक व्यक्ति का जीवन बचाते हैं तो यह सबसे बड़ा पुण्य है। बैठक में सड़क निर्माण गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने, सड़कों के नियमित रखरखाव एवं मरम्मत पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में सड़क निर्माण इस प्रकार हो कि ब्लैक स्पॉट्स बनने की संभावना ही न रहे।

युवाओं को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण, बनेंगे साइबर एंबेसडर

धार। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के %मेरा युवा भारत% (*MY Bharat*) अभियान के अंतर्गत धार जिले में %साइबर सिक्योरिटी सेफ क्लिक 2.0% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात थाना परिसर में आयोजित इस विशेष अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के सहयोग से %माय भारत% के स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए गए। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य युवाओं को ब?ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने डिजिटल परिवेश को सुरक्षित रख सकें।

साइबर ठगी से बचाव के दिए व्यावहारिक गुर

जिला पुलिस के साइबर विशेषज्ञ विजय सिंह भाटी, मुकेश डावर एवं तरुण बैस ने युवाओं को साइबर ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फिशिंग और डिजिटल अपराधों से बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात ये वॉलंटियर्स जिले के सभी ब्लॉकों में %साइबर एंबेसडर% के रूप में कार्य करेंगे और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को %सेफ क्लिक% के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में %माय भारत% की लेखा एवं कार्यक्रम सहायक किरन यादव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक अनिरुद्ध चावड़ा, अमित भगोरे, सुमित सहित जिले के 13 ब्लॉकों के 26 वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

एक नजर में

रोजगार एवं आजीविका मिशन का जिला स्तरीय शुभारंभ आज तिरला में

धार, । ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका संवर्धन तथा टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) [ङ्क्क-त क्रूरू-त] का प्रदेशव्यापी शुभारंभ 2 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसी क्रम में जिले में सामुदायिक भवन, जनपद पंचायत तिरला में प्रात: 10 बजे से जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, विधायक धार एवं धरमपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट (सीधा प्रसारण) किया जाएगा। यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आजीविका सशक्तिकरण एवं टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान योजना के अंतर्गत स्वीकृत नवीन विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार (ढ्ढश्वष्ट) गतिविधियों के माध्यम से मिशन की विशेषताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर नागरिकों को मिशन के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिसमें विशेष रूप से 125 दिवस रोजगार गारंटी, डिजिटल कार्यप्रणाली, पारदर्शी भुगतान प्रणाली, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी, सामाजिक अंकेक्षण तथा विकेन्द्रीकृत ग्राम स्तरीय योजना निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम स्थल पर पोस्टर, बैनर, प्रदर्शनी एवं स्थानीय सफलता की कहानियों के माध्यम से भी जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं, श्रमिक, हितग्राही, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। राज्य शासन द्वारा सभी जिलों को कार्यक्रम के व्यापक एवं प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

डिजिटल इंडिया से जीवन हुआ है सरल और सुगम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

धार । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में %डिजिटल इंडिया% की 11 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा का पूर्ण होना गर्व का विषय है। %विकसित भारत ञ्च2047% के लक्ष्य की ओर बढ़ते डिजिटल कदमों से देशवासियों का जीवन सरल व सुगम हुआ है। साथ ही देश में समृद्धि के नए द्वार भी खुले है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का डिजिटल इंडिया की इन 11 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा के लिये आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल यात्रा की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए अपने संदेश में बताया कि पिछले 11 वर्षों में डिजिटल क्रांति ने यूपीआई से 81 प्रतिशत डिजिटल भुगतान सुनिश्चित किया, 2.18 लाख ग्राम पंचायतें भारत नेट से जुड़ीं, 45 हजार से अधिक जीपीयू से ए.आई. मिशन को गति मिली और 2.23 लाख स्टार्ट-अप्स ने 23.36 लाख रोजगार सृजित किए।

महू से अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था हर्षोल्लास के साथ रवाना

महू. स्थानीय श्रद्धालुओं का पहला जत्था 30 जून को अमरनाथ यात्रा के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ. यह यात्रा क्षेत्र के प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक ब्रह्मलीन स्व. बद्रीलाल पाटीदार एवं ब्रह्मलीन स्व. सुरेंद्र पाल सिंह खनूजा की पावन स्मृति में आयोजित की गई है. यात्रा संयोजक यश सैनी एवं दीपक कोटवार ने बताया कि रवानगी के अवसर पर एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया था. इसमें यात्रा पर जाने वाले सभी अमरनाथ भक्तों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजू खनूजा उपस्थित थे. उन्होंने बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की कामना करते हुए जत्थे को रवाना किया. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद जितेंद्र शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम बियानी, अमित सैनी, जीतू कौशल, राहुल नागर, राजकुमार प्रजापति और प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे.

महू के मध्यभारत अस्पताल में महिला वार्ड पर लटका ताला

महू. शासकीय मध्य भारत अस्पताल का महिला वार्ड इन दिनों डॉक्टरों की लापरवाही और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है. अस्पताल के महिला वार्ड में ताला लगाने की नौबत आ गई है, जिसके कारण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल में दो स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पदस्थ हैं, लेकिन वर्तमान में दोनों ही ड्यूटी पर मौजूद नहीं हैं. डॉ. सीमा सोनी अवकाश पर चल रही हैं, जबकि दूसरी विशेषज्ञ डॉ. कृति पाठक दिल्ली ट्रेनिंग पर गई हैं. अस्पताल प्रबंधन द्वारा इन दोनों डॉक्टरों की अनुपस्थिति में किसी वैकल्पिक प्रसूति रोग विशेषज्ञ की व्यवस्था नहीं की गई. अस्पताल में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. अरुणिका गर्भवती महिलाओं का ओपीडी में उपचार और सामान्य जांच तो कर रही हैं, लेकिन नियमों और तकनीकी सीमाओं के कारण वे प्रसूति करवाने में असमर्थ हैं. अस्पताल में डिलीवरी की सुविधा बंद होने से प्रसूति के लिए आने वाली महिलाओं और उनके परिजनों की मुसीबतें बढ़ गई हैं. आपातकालीन स्थिति में मरीजों को मजबूरी में महंगे निजी नर्सिंग होम का रुख करना पड़ रहा है,

डिजिटल एवं पारदर्शी सहकार पर कार्यक्रम आयोजित

धार. मध्य प्रदेश सहकारिता जन जागरण सप्ताह के अंतर्गत जिला सहकारी संघ धार द्वारा *डिजिटल सहकारिता एवं* *वित्तीय समावेशन* दिवस के अवसर पर सरदारपुर तहसील के ग्राम बालोदा की प्राथमिक बहुउद्देशीय सहकारी संस्था पैक्स के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य श्री के , एल, राठौर , संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री गोविंद रिंगनोदिया द्वारा अध्यक्षता की गई विशेष अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व उपाध्यक्ष पेक्स संस्था बलौदा , धूल सिंह भाई जनपद प्रतिनिधि एवं संस्था प्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात संस्था का परिचय संस्था के सहायक प्रबंधक जे, पी , सिसोदिया ने दिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री के एल राठौर , सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में आज के विषय डिजिटल सहकारिता एवं वित्तीय समावेशन पर जोर देते हुए डिजिटल सहकार एवं पारदर्शी सहकार के बारे में बताया साथ ही जन जागरण सहकारी सप्ताह के अंतर्गत सहकारी आंदोलन के परिदृश्य बताते हुए केंद्र सरकार की 54 प्रकार की पहलो के बारे में विस्तार से समझाया एवं पैक्स को सुदृढ़ एवं सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था बलौदा के श्री दिग्विजय सिंह दरबार ने माना ।

कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक श्री शुभेंद्र सिंह पवार ने किया कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ के लक्ष्मीनारायण चावड़ा सहित संस्था के गणमान्य सदस्यों की उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में अतिथि एवं समस्त सदस्यों द्वारा संस्था प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री का तोहफा

▶ धार जिले के 471 श्रमिक परिवारों को मिली 10 .31 करोड़ की अनुग्रह सहायता

धार .मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 16,754 श्रमिक परिवारों को ?365 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। इस कल्याणकारी पहल के तहत धार जिले के 471 हितग्राहियों के खाते में कुल रूपए 10.31 करोड़ की सहायता राशि सीधे अंतरित की गई। श्रम विभाग के अनुसार, जिले में सामान्य मृत्यु के 425 प्रकरणों में ?8.50 करोड़, दुर्घटना मृत्यु के 45 प्रकरणों में ?1.80 करोड़ और आंशिक स्थाई अपंगता के 1 प्रकरण में रूपए 1 लाख की राशि प्रदान की गई है। जिले के विभिन्न निकायों में लाभान्वित हुए हितग्राहियों में जनपद पंचायत बदनावर के 53 हितग्राहियों को रूप 1.18 करोड़, जनपद पंचायत सरदारपुर के 53 हितग्राहियों को ?1.10 करोड़ और जनपद पंचायत नालछा के 46 हितग्राहियों को ?1.06 करोड़ की सहायता प्राप्त हुई है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह वितरण प्रणाली पूर्णत: पारदर्शी है, जहाँ राशि बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सीधे पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में सुरक्षित रूप से हस्तांतरित की गई है। यह राशि श्रमिक परिवारों को कठिन समय में आर्थिक संबल और सहारा प्रदान करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

अपेक्स बैंक प्रशासक महेन्द्रसिंह यादव कल धार प्रवास पर

धार। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्रसिंह यादव आगामी 3 जुलाई 2026 को धार जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। बैंक प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासक का मुख्य कार्यक्रम प्रात: 11ः00 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्यालय के सभागृह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासक श्री यादव द्वारा किसानों के बचत खातों का वितरण, बैंक के नए सदस्यों को अंश प्रमाण-पत्र तथा के.सी.सी. (ञ्चष्टष्ट) प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। साथ ही, परिसर में वृक्षारोपण एवं किसानों की एक विशेष सभा का आयोजन भी रखा गया है। उक्त कार्यक्रमों के उपरांत, दोपहर 02ः00 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्यालय के सभागृह में ही प्रशासक महोदय द्वारा पत्रकार वार्ता ली जाएगी, जिसमें वे सहकारी क्षेत्र की गतिविधियों और जिले में बैंक द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। अपने धार प्रवास के दौरान, प्रशासक यादव दोपहर 03ः00 बजे सेवा सहकारी समिति, धामनोद द्वारा नवनिर्मित %सुपर बाजार% का उद्घाटन भी करेंगे। जिला प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन ने जिले के समस्त मीडिया प्रतिनिधियों से उक्त पत्रकार वार्ता एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है .

ताकि सहकारी क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को आमजन तक पहुंचाया जा सके।

मानसून आपदा प्रबंधन हेतु 24×7 नियंत्रण कक्ष स्थापित

धार। आगामी मानसून सत्र 2026 के दौरान जिले में बाढ़, अतिवृष्टि तथा अन्य संभावित आपदाओं की स्थिति पर सतत निगरानी रखने एवं त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन धार द्वारा जिला परिसर में %बाढ़ एवं अतिवृष्टि नियंत्रण कक्ष% (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी आदेशानुसार, यह नियंत्रण कक्ष आगामी 01 जुलाई 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक निरंतर 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी देते हुए प्रशासन ने बताया कि तहसीलदार (भू-संसाधन प्रबंधन) श्री राधेश्याम धाकड़ को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी पारियों (शिफ्ट्स) में निर्धारित की गई है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना का आदान-प्रदान और बचाव कार्य समय पर किया जा सके। आमजन एवं संबंधित अधिकारी किसी भी आपदा संबंधी सूचना के लिए नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07292-359735 एवं 07292-181 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने तैनात कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने निर्धारित समय पर नियंत्रण कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और प्राप्त प्रत्येक सूचना को रजिस्टर में विधिवत दर्ज करें।

सेवानिवृत्त शिक्षक दवल सिंह रावत का सम्मान

नागदा धार - शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनावदा में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक दवल सिंह रावत की सेवानिवृत्ति पर संकुल केंद्र मनासा में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक साथियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से उनका सम्मान करते हुए उनके दीर्घ एवं समर्पित शैक्षणिक जीवन की सराहना की।

वरिष्ठ शिक्षक कैलाश चंद्र रावल ने कहा कि रावत सर की कार्य के प्रति निष्ठा, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच रावत सर 卐चॉकलेट वाले सर卐 के नाम से प्रसिद्ध थे। विद्यालय हो या रास्ता, वे बच्चों को स्नेहपूर्वक चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन करते थे। उनके इसी स्नेहपूर्ण व्यवहार ने उन्हें विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाया।

समारोह में लेखापाल बघेल द्वारा दवल सिंह रावत को सेवानिवृत्ति प्रणाम-पत्र भेंट किया गया। शिक्षक रणजीत सिंह चौहान ने रावत सर के शिक्षकीय जीवन एवं उल्लेखनीय सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया।

इस अवसर पर कैलाश चंद्र रावल, रतन सिंह चौहान, नरेंद्र वर्मा, दुर्गेश चौहान, राजश्री लश्करी, भगवान सिंह चौहान, विनय जोशी, भावेश पांचाल सहित अनेक शिक्षकों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनके उत्तम स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम का संचालन गोपाल कौशल ने किया।

एक नजर में

▶ छात्राओं को उपलब्धियां, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों आदि की जानकारी दी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह का शुभारंभ

धार। शासकीय कन्या महाविद्यालय धार में प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को महाविद्यालय एवं यहां उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से अवगत कराने हेतु दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ बुधवार को महाविद्यालय में किया गया।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टाफ का परिचय दिया गया, ताकि छात्राएं अपने विषय से संबंधित प्राध्यापक से परिचित हो सके। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील फडके ने स्वागत उदबोधन प्रस्तुत किया। जिसमें उन?होंने उपस्थित छात्राओं को नियमिति रूप से महाविद्यालय में आने और उपलब्?ध सुविधा का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। प्रेरक वक्?ता के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.आर.पाटील ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं को आपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग करना चाहिये। साथ हीं महाविद्यालय में के अपने विषय के प्राध्?यापकों से निरन्?तर सम्?पर्क में रहें और उनसे अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्?त करने प्रयास करें, ताकि आप एक उज्?जवल भविष्?य बना सकें। प्रो सुभाषचन्?द्र कामदार ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आपको अपना भविष्?य बनाना तो आपको सच्?चे मन से अपने महाविद्यालय में आना हैं और कक्षा में भी उपस्थित होना हैं। प्रो. गणेशलाल राठौड ने मानसिक स्?वास्?थ संबंधि शासकीय कार्यक्रम और हेल्?पलाईन की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापकों ने महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियां, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों आदि की जानकारी दी।

छात्रवृत्ति योजनाओं व महाविद्यालयीन सुविधाओं की दी जानकारी

इसके साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय खेलकूद सुविधा, एनसीसी, एनएसएस की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां जैसे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना आदि की जानकारी भी प्रदान की गई। एंटी रैगिंग, लैंगिक भेदभाव ,मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जैसी गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शासन के द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित छात्राओं और उनके अभिभावकों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनोद खाकरे ने किया।